तापमान

अधिकतम 24.2 डिग्री

न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 22 दिसंबर 2023

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

पांच दिनों में 15 ग्राम पंचायतों में पहुंची भारत संकल्प यात्रा 10



मरार समाज के जिला सामाजिक भवन .. 10



**खबर संक्षेप**

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** भलेसर के नयापारा में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। प्रार्थी सुशील कुमार तांडेकर पिता चोवाराम (22 साल) ने पुलिस को बताया कि आरोपी टोकेश ध्रुव पिता सोमन ध्रुव ने पुरानी रंजिश को लेकर उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की ओर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी के खिलाफ महासमुंद थाने में धारा 294, 323, 506 के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है।

# रात का तापमान रहेगा स्थिर, पश्चिमी विक्षोभ के चलते दिन में चढ़ेगा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कड़ाके की ठंड में शाम छह बजे के बाद सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम हो गई है। लोग गर्म कपड़ों में भी जरूरत के मुताबिक ही बाहर निकल रहे हैं। तापमान में लगातार गिरावट के असर से इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रहीं। सबसे ज्यादा परेशानी सुबह की पाली में लग रहे छोटे बच्चों के स्कूलों में नजर आ रहा है। सुबह 8 बजे से लग रहे स्कूलों में छोटे बच्चों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।मिडिल स्कूल के बच्चों के लिए फिर भी यह परेशानी कम है, लेकिन नर्सरी से क्लास पांच तक के बच्चों को सुबह से तैयार करना मुश्किल हो रहा है। जिले के मौसम में उतार-चढ़ाव का सिलसिला पिछले 15 दिनों से जारी है। गुरुवार को रात का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री रिकार्ड किया गया। यह सीजन का सबसे कम तापमान रहा है। वहीं दिन का अधिकतम तापमान 21 डिग्री रहा। मौसम विभाग के मुताबिक 22 और 23 दिसंबर को भी तापमान में गिरावट जारी रहेगी। पश्चिम से आ रही नमी कम होने के साथ ही उत्तर से ठंडी हवा का असर बढ़ा है। यह अगले 48 घंटों में और बढ़ेगा। इसके बाद 24 दिसंबर से पुनः मौसम में बदलाव होगा। पश्चिमी विक्षोभ के असर से ऐसा होगा। 24 और 25 दिसंबर को नमी के आने का क्रम पुनः शुरू होगा। इससे तापमान में बढ़ोतरी होगी। हर साल जिला प्रशासन की तरफ से अधिक ठंड पड़ने पर स्कूल के समय में फेरबदल किया जाता रहा है। लेकिन, इस बार अब तक ऐसा कोई फेरबदल स्कूल के समय में नहीं किया गया है। कड़ाके की ठंड की वजह से लोग तय समय में अपना काम निपटा ले रहे हैं, ताकि उन्हें शाम को अंधेरा होने के बाद बाहर न रहना पड़े और वे समय पर घर पहुंच जाएं।

## शाम के बाद सड़कों पर आवाजाही कम, सुबह छोटे बच्चों को स्कूल भेजने में परेशानी

### लगातार बना हुआ है 12 डिग्री तापमान

गुरुवार को शहर का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री रहा, जबकि अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रहा। शहर का मौसम बेहद ठंडा हो चुका है, जिससे सुबह ओस जमने लगा है। सुबह के समय इन्हें गार्डन या खेतों में देखा जा सकता है। सुबह कड़ाके की ठंड होने की वजह से लोग सैर करने बाहर नहीं निकले। शहर का अधिकतम तापमान 21 डिग्री रहा जो सामान्य से 4 डिग्री कम है।



### दो दिन बाद बादल छाने के आसार

23 और 24 दिसंबर को हाल-फिलहाल के तापमान से थोड़ा अधिक रहेगा। दिन और रात दोनों के तापमान में थोड़ी से बढ़ोत्तरी हो जाएगी। क्योंकि एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसकी वजह से वायुमंडल में अधिक मात्रा में नमी पहुंचने लगेगी। नमी की वजह से बादल बनेंगे। बादलों की वजह सतह की हीट ऊपर नहीं पहुंचेगी, लिहाजा तापमान में बढ़ोतरी होगी।

**खरीदी :** अब तक 79 हजार कृषकों से हुई करीब 42 लाख क्विंटल की धान खरीदी

# डेढ़ माह बाद भी आधे किसान ही बेच पाए हैं धान, लक्ष्य की 35 प्रतिशत हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी को

- 27 दिन में खरीदने होंगे 76 लाख क्विंटल धान, रोजाना पौने तीन लाख

डेढ़ महीने से अधिक समय हो चुका है। बावजूद अब तक आधे किसानों की उपज की ही खरीदी हो पाई है। निर्धारित तिथि के अनुसार अब खरीदी दिवस के लिए सिर्फ 27 दिन बचे हैं। इस हिसाब से बाकी बचे 80 हजार किसानों के धान को खरीदने के लिए रोजाना खरीदी लिमिट पौने तीन लाख क्विंटल करना पड़ेगा। जबकि, फिलहाल अधिकतम सवा दो लाख क्विंटल ही रोजाना खरीदा जा रहा है, जिससे खरीदी लिमिट बढ़ती जा रही है।



गौरतलब है कि बीते नवंबर महीने के 1 तारीख को राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरूआत की गई है। इसके तहत जिले में 182 उपार्जन केंद्र धान खरीदी हो रही है। विभागीय जानकारी के मुताबिक जिले में 79 हजार किसानों से 42 लाख क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। देखा जाए तो जिले में जिस हिसाब से धान की खरीदी होनी चाहिए, उस हिसाब से अब तक खरीदी नहीं हो पाई है। पिछले साल जहां 21 दिसंबर तक की स्थिति में एक लाख 21 हजार किसानों से 57 लाख क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी थी। लेकिन इस साल 35 फीसदी तक धान की खरीदी हो पाई है। करीब 10 दिन पहले जहां मौसम परिवर्तन के चलते धान की खरीदी सप्ताह भर से अधिक प्रभावित हुई वहीं दूसरी ओर मौसम साफ होने के बाद उपार्जन केंद्रों में धान का टोकन कटवाने एकाएक किसानों की संख्या बढ़ गई, जिसके चलते आवक टोकन कटवाने के बाद भी किसानों को धान बेचने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

### निर्धारित तिथि तक खरीदना चुनौती

जिले के पंजीकृत एक लाख 58 हजार 739 किसानों की भूमि का रकबा 2 लाख 28 हजार 614 हेक्टेयर(5, 64, 676 एकड़) है। इस हिसाब से 21 क्विंटल एकड़ के हिसाब से 118 लाख क्विंटल धान खरीदा जाना है। लेकिन, अब तक 80 हजार किसानों का एक दाना भी धान खरीदा नहीं गया है। सिर्फ 79 हजार किसानों से 42 लाख क्विंटल की खरीदी हो पाई है। इस हिसाब से 31 जनवरी तक 76 लाख क्विंटल धान की खरीदी किया जाना किसी चुनौती से कम नहीं है।

### साफ्टवेयर अपडेट नहीं, 20 क्विंटल ही खरीदी

छग शासन द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी करने के लिए गाइडलाइन तो जारी कर दी गई है। लेकिन, साफ्टवेयर अपडेट नहीं होने के कारण गुरूवार को 20 क्विंटल धान खरीदा गया। बताया जा रहा है कि रायपुरएनआईसी से साफ्टवेयर अपडेट होने के बाद 21 क्विंटल धान खरीदा जा सकेगा। हालांकि, जो किसान पूर्व में धान का विक्रय कर चुके हैं। वे भी बाकी 21 क्विंटल बेचने के पात्रता रखेंगे। ऐसे किसान प्रति एकड़ तय लिमिट में धान बेच सकेंगे।

# शराब की अवैध बिक्री और परिवहन के मामले में 40 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री और परिवहन के खिलाफ अभियान चलाकर 40 हजार रुपए से ज्यादा का शराब जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह से मिलने निर्देश के बाद सभी थाना/चौकी प्रभारियों व सायबर सेल महासमुंद की टीम द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में अभियान चलाकर छग निर्मित अंग्रेजी एवं देशी शराब, हाथ भट्ठी महुआ शराब तथा ओडिश निर्मित महुआ शराब भारी मात्रा में पकड़ा गया।



पुलिस ने बताया कि सरायपाली में 07 प्रकरणों में 7 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 27000 एमएल शराब कीमत 5400 रुपए, थाना बसना में 09 प्रकरणों में 09 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 37500 एमएल शराब कीमत 7500 रुपए, थाना महासमुंद में 01 प्रकरणों में 01 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 3600 एमएल शराब कीमत 1600 रुपए, थाना तुमगांव में 02 प्रकरणों में 02 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 2790 एमएल शराब कीमत 1240 रुपए, थाना खल्लारी में 01 प्रकरणों में 01 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 4000 एमएल शराब कीमत 800 रुपए, थाना सिंघोड़ा में 02 प्रकरणों में 02 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 8000 एमएल शराब कीमत 1600 रुपए, थाना पिथौरा में 03 प्रकरणों में 03 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 7900 एमएल शराब कीमत 1800 रुपए, थाना सांकरा में 02 प्रकरणों में 02 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 24000 एमएल शराब कीमत 4800 रुपए, थाना पटेवा में 02 प्रकरणों में 02 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 7000 एमएल शराब कीमत 2100 रुपए, थाना बागबाहरा में 05 प्रकरणों में 05 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 25120 एमएल शराब कीमत 7980 रुपए, थाना कोमाखान में 02 प्रकरणों में 02 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 6000 एमएल शराब कीमत 1800 रुपए थाना तेंदूकोना में 02 प्रकरणों में 02 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 6660 एमएल शराब कीमत 2960 रुपए एवं चौकी भंवरपुर में 02 प्रकरणों में 02 आरोपी को गिरफ्तार कर कुल 7000 एमएल शराब कीमत 1400 रुपए जब्त किया गया। महासमुंद पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरूध्द अभियान के तहत 40 प्रकरणों में 40 आरोपियों को गिरफ्तार कर 166570 एमएल कुल 166.57 लीटर शराब कीमत 40980 रुपए जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) बागबाहरा अजय शंकर त्रिपाठी, अनु अधिकारी (पुलिस) महासमुंद मंजूलता बाज, अनु अधिकारी (पुलिस) पिथौरा प्रेमलाल साहू, अनु अधिकारी (पुलिस) सरायपाली अभिषेक केसरी के निर्देशन में समस्त थाना/चौकी प्रभारी एवं पुलिस की टीम द्वारा की गई है।

### बिरकोनी में वार्षिक खेलकूद स्पर्धा प्रारंभ

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्यायाम शिक्षक बेदराम रात्रे के नेतृत्व में तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ शाला विकास समिति के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद चंद्राकर, सरपंच ताम्रध्वज निषाद एवं प्राचार्य करण सिंह सोरी द्वारा किया गया। अतिथियों ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया।

प्रथम दिवस 100 मीटर, 200 मीटर दौड़ गोला फेक, स्लो साइकिल रेस एवं क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता वीपी गोस्वामी, केएल साहू, सीआर अग्रवाल, निर्मला कुजूर, रंजीता दुबे, गीता दासरवार, तारामती साहू, ऋचा पांडे, लक्ष्मण मानिकपुरी, रामप्रसाद मोहंती, वेद राम रात्रे, सुरेश कुमार गुप्ता, सौरभ साहू, मुकेश ध्रुव, उषा साहू, महेश एवं विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।

# लोकसभा सभापति की मिमिक्री मामले को लेकर भाजपा ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन, जमकर नारेबाजी भी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोकसभा के संसद सत्र के दौरान विपक्षी सांसदों के हंगामे के बीच उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री किए जाने और कांग्रेसी सांसद राहुल गांधी द्वारा मिमिक्री की वीडियो बनाने से आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने 21 दिसंबर को स्थानीय बरोड़ा चौक में राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

पुतला दहन के दौरान भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने बताया कि लोकसभा सत्र के दौरान लगातार हंगामा कर तख्तियां दिखाकर नारेबाजी कर सदन की अवमानना कर रहे लगभग 150 सांसदों को शीतकालीन सत्र के दौरान सस्पेंड किया गया था। जिला महामंत्री प्रदीप ने बताया कि इस सत्र के दौरान टीएमसी सांसद कल्याण बैनर्जी ने उपराष्ट्रपति की नकल उतारते हुए मिमिक्री किया और इस मिमिक्री की कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने वीडियो शूट किया है जो उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति की गरिमा के विपरीत आचरण है और सदन की अवमानना है। भाजपा सहित एनडीए ने उपराष्ट्रपति की मिमिक्री करने और उसे वीडियो शूट कर रिकार्ड करने का विरोध करते हुए राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया है। पुतला दहन के दौरान भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली, जिला मंत्री निरंजना शर्मा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दुबेलाल साहू, देवीचंद राठी, मुन्ना देवार, रमेश साहू, प्रकाश शर्मा, एमआर विश्वनाथन, गोपाल वर्मा, देवेंद्र चंद्राकर, पार्वती साहू, सुजाता विश्वनाथन, अरविंद प्रहरे, लाल विजय सिंह देव,अमन वर्मा, नंदू जलक्षत्री, सुनीता साहू, राजेश्वरी तिवारी, महेंद्र सिका, हिमांशु चंद्राकर, खुशाल ठाकुर, जतिन रूपरेला, चंद्रिका चौबे, मधुसूदन सोनी, प्रीति सोनी, राजेश्वरी सिन्हा, कमल नारायण, रविंद्र जैन, आयुष दुबे, सुरेश साहू, पलाश यादव, अमित साहू, आकाश पांडे, कौशल साहू, मिथलेश साहू, हर्ष गौतम, चंद्रशेखर बेलदार, सूर्य प्रताप, ध्रुव नायक, विनय ठाकुर, भुनेश्वर चौबे, भीखम ठाकुर, अभिनव चौबे, मकसूद खान सहित शहर मंडल के सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# व्यवस्थापन होने तक चलित ठेले में व्यापार करने की मांगी अनुमति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर में बीते दिनों सड़क किनारे से हटाए गए फुटपाथ व्यवसायी व्यवस्थापन की मांग कर रहे हैं। ये व्यवसायी पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा के नेतृत्व में कलेक्टोरेट पहुंचे। व्यवसायियों ने बताया कि उनकी मांग है कि जहां रोजगार चल सके, ऐसे स्थान पर उनका व्यवस्थापन किया जाए और व्यवस्थापन होने तक चलित ठेला में व्यापार करने दिया जाए। बता दें कि कुछ दिनों से अतिक्रमण पर चल रही ताबड़तोड़ कार्रवाई के कारण सड़क किनारे व्यवसाय करने वालों का रोजगार बंद पड़ गया है। बुधवार को कलेक्टोरेट पहुंचे व्यवसायी यशवंत दुबे, अमरपाल सिंह गुरुदत्ता, राजेंद्र प्रसाद साहू, बबलू देवांगन, किशन चंद्राकर, संतोष गुप्ता ने बताया कि कार्रवाई के बाद से उनका व्यवसाय बंद हो गया है। पालिका बाजार में व्यवस्थापन भी कानूनी पचड़े में फंसा हुआ है। ऐसे में उनके सामने रोजी रोटी की समस्या खड़ी हो गई है। इसलिए, उन्हें ऐसे स्थान पर व्यवस्थापन चाहिए जहां उनका रोजगार चल सके। जब तक व्यवस्थापन नहीं होता तब तक चलित ठेला में उन्हें व्यवसाय की अनुमति दी जाए। इस संबंध में पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने कहा कि कलेक्टर से व्यवसायियों के व्यवस्थापन के संबंध में चर्चा की गई है।

**राजधानी रायपुर के राम मंदिर में हुई साधु-संतों की बैठक**

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हुई सामूहिक चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में साधु संतों के निर्देशन में राम मंदिर वीआईपी रोड रायपुर में 20 दिसंबर बुधवार को छत्तीसगढ़ के समस्त जिले के मठ एवं मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं पुजारी की उपस्थिति में 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा एवं धार्मिक विषय पर सामूहिक चर्चा हुई।

बैठक में विहिप छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष गोलछा, विहप के प्रांत संत प्रमुख महामंडलेश्वर सर्वेश्वर दास महाराज, महंत बालक दास महाराज, राजीव लोचन दास महाराज, महंत रामरूप दास, आचार्य राकेश, बालोद के बूढादेव धाम के महंत एवं छत्तीसगढ़ प्रांत से आए अनेक साधु-संत की उपस्थिति में विभिन्न ट्रस्ट एवं मंदिर समितियां, पुजारियों की उपस्थिति में चंद्रशेखर वर्मा प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा प्रांत के सभी मठ, मंदिर साधु-संत, पुजारी, ट्रस्टी, मंदिर समिति के सदस्यों को मिलाकर एक प्रांत स्तरीय संगठन बनाया जाने के प्रस्ताव पर विचार किया गया। जिससे मंदिर को सनातन धर्म के शक्ति केंद्र के रूप में विकसित किए जाने एवं सभी मंदिरों को पाकशाला, पाठशाला, गौशाला, धार्मिक शिक्षा जैसे सामाजिक कार्यों के लिए इन्हें खड़ा किया जा सके।



बैठक में महासमुंद जिला से चर्चा के लिए राम मंदिर से नारायण दास महाराज, मां गायत्री अध्यात्म केंद्र से शिव चंद साहू, हनुमान मंदिर पंजाबी पारा से सुरेंद्र दास महाराज, बम्हनी मंदिर से सुनील पांडे, विहिप के जिला मंत्री अखिलेश लूनिया, बागबाहरा से दुर्गा वस्त्रकार, विनोद यादव, विद्या प्रसाद चंद्राकर, गिरीश हिंदुस्तानी, कुमार चक्रधारी, खुशबू चक्रधारी, टिकेश्वरी चंद्राकर, झलप मुंगई माता दरबार से धानेश्वर सिन्हा आदि शामिल हुए।



### जेसीबी ले जाने की बात पर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम खट्टीडीह में जेसीबी ले जाने की बात पर एक युवक से 3 लोगों ने मारपीट की। प्रार्थी भीखम साहू पिता दीनदयाल साहू (33 साल) निवासी कांपा ने तुमगांव पुलिस को बताया कि जेसीबी ले जाने की बात को लेकर आरोपी भरतभूषण कंवर निवासी खट्टीडीह के साथ दो अन्य लोगों ने उसे गालियां दी और जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए चोट पहुंचाया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत मामला दर्ज किया है।

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

**खबर संक्षेप**

### ठंड के चलते समय में बदलाव की मांग

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में महासमुंद जिला में कड़ाके की ठंड और शीतलहर जारी है। अत्यधिक ठंड के कारण विद्यार्थियों को सुबह की पाली में विद्यालय आने में परेशानी हो रही है इससे उनके स्वास्थ्य में विपरीत प्रभाव पड़ने की आशंका है। एसोसिएशन ने जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद से प्रथम पाली एवं शनिवार को प्रातः 7:30 बजे से संचालित होने वाले विद्यालयों के समय को परिवर्तित कर सुबह 9 बजे करने की मांग की है। विदित हो कि ठंड के मौसम में जल्द ही अंधेरा हो जाने से शाम 4 बजे के बाद संचालित होने वाली कराते क्लास में सम्मिलित होने वाली दूरदराज की छात्राओं को घर जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। उक्त परेशानियों को ध्यान में रखते हुए संघ ने समय में परिवर्तन की मांग की है। ज्ञापन में संघ के जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी, जिला सचिव नंदकुमार साहू, प्रमुख सलाहकार तुलेंद्र सागर, जिला उपाध्यक्ष खिलावन वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा, जिला महामंत्री सालिकराम साहू सहित छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर मनेगा दीपोत्सव

**महासमुंद।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल जिला विद्यार्थी प्रमुख नरेश नायक द्वारा शहर के युवाओं के साथ बैठक की। जिसमें आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को दीपावली की तरह मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही पूर्ण रूप से दीपोत्सव कार्यक्रम के लिए लोगों से अपील करेंगे कि अपने घर के बाहर पांच दीप जलाएं। शहर के सभी वार्डों में युवाओं की टोली गठन कर 1 जनवरी से 22 जनवरी तक प्रतिदिन सुबह प्रभात फेरी निकाली जाएगी। 22 जनवरी को संध्या 5 बजे ग्राम खरोरा से खैरा चौक तक डिवाइडर में दीपक जलाकर दीप उत्सव कार्यकम में आने का आमंत्रण दिया जाएगा। शहर की पूरे वार्ड में 22 जनवरी के दिन घर घर हर घर भगवा ध्वज लगाए व दीप जलाने के लिए लोगों को प्रेरित करेंगे। बैठक में नरेश नायक, अशोक टंडन, नवदित पांडे, वेद साहू, उमेश टंडन, बलदाऊ निर्मालकर, रोशन सोनकर, प्रेम ध्रुव, लक्ष्मी भाई आदि मौजूद रहे।

### चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** कोतवाली पुलिस ने चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित करते एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम देव बघेल 20 वर्ष गोपाल अस्पताल के पीछे का रहवासी है। आरोपी 20 दिसंबर को नेहरू नगर कालीबाड़ी के पास चाकू हाथ में लेकर घूमते हुए लोगों को आतंकित कर रहा था। पुलिस ने उसके विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है।

### अवैध रूप से शराब बेचते एक गिरफ्तार

**रायपुर।** सरस्वती नगर पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत एक युवक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। आरोपी का नाम मोतीराम कुम्हार निवासी दुर्गा नगर मस्जिद के पास का रहने वाला है। 20 दिसंबर को उसे मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चांदी चौक कोटा पान ठेला के पास गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक थैला बरामद किया गया है, जिसमें 32 पौवा देशी शराब थी, जिसकी कीमत 3520 रुपए है।

# लक्षित हितग्राहियों का 95 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें: कलेक्टर

## 11 से 49 वर्ष के सभी महिलाओं की हीमोग्लोबिन जांच करें, कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर प्रभात मलिक ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य योजनाओं की व्यापक समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले में आयुष्मान कार्ड के लक्षित हितग्राहियों के अनुरूप 95 प्रतिशत हितग्राहियों का 25 जनवरी तक आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्वास्थ्य विभाग स्टॉल लगाकर सिकल सेल, एनीमिया, टीबी व कुष्ठ रोग के मरीजों का स्क्रीनिंग करें। इसके लिए पर्याप्त टीम तैनात किए जाए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पी कुदेशिया, मेडिकल कॉलेज के सहायक अधीक्षक डॉ घनश्याम साहू, डीपीएम नीतू धृतलहरे एवं सभी बीएमओ, समस्त नोडल अधिकारी व चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर प्रभात मलिक ने बैठक में पिथौरा में पोषण पुनर्वास केंद्र खोलने के निर्देश दिए। ताकि, कुपोषित बच्चों को जिला स्तर पर रेफर करने की आवश्यकता न पड़े। साथ ही कहा कि जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों के उन्नयन और मरम्मत का कार्य समय-सीमा के भीतर पूर्ण करे। इसके



लिए कार्य एजेंसी को निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि कीमोथेरेपी की सुविधा वर्तमान में मेडिकल कॉलेज एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुमगांव में संचालित है, इसे जिले के शेष स्वास्थ्य केन्द्रों में भी प्रारंभ किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीजों का बेहतर इलाज हमारी पहली प्राथमिकता है। चिकित्सक मरीजो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराएं।

कलेक्टर ने तत्पश्चात जिले के मितानिन प्रशिक्षकों की बैठक ली। बैठक में उन्हेंने कहा कि कुपोषित बच्चों के आंकड़ों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व मितानिन के रिकॉर्ड में अंतर न हो। प्रत्येक बच्चों का मिलान अवश्य करें। कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर पोषण पुनर्वास केंद्र भेजें। उन्होंने मितानिनों को निर्देशित किया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान 11 से 49 वर्षीय सभी महिलाओं की हीमोग्लोबिन जांच की जाए। इसके लिए अधिक से अधिक महिलाएं शिविर स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि टीकाकरण, एनीमिया, मोतियाबिंद, गर्भवती महिलाओं का अनिवार्य रूप से पंजीयन करें एवं उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आगामी 20 जनवरी को होने वाले बैठक में सभी मितानिन पंजीयन की जानकारी लेकर आएं। उन्होंने मितानिनों को प्रेरित करते हुए कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले मितानिनों का 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित भी किया जाएगा।

# बेलसोंडा पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा सरपंच भामिनी की अगुवाई में भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी योजनाओं क्रे शीघ्रतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव गांव पहुंच रही है। इसी क्रम में अपनी निर्धारित कार्यक्रम क्रे अनुसार जब संकल्प यात्रा ग्राम बेलसोंडा पहुंची तो जिला भाजपा कार्यकारिणी की सदस्य तथा सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर की अगुवाई में समस्त ग्रामीणों ने भारी संख्या में गारंटी रथ का पूरे जोर शोर क्रे साथ स्वागत किया।



कार्यक्रम के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन क्रे लिए सरपंच चंद्राकर ने संबंधित अधिकारियों तथा कर्मचारियों क्रे साथ एक दिन पहले ही बैठक कर नीति निर्धारित किया। तत्पश्चात शाम को अपने सभी पंचों तथा ग्रामीणों को बुलाकर कार्यक्रम के बारे में अवगत कराते हुए रुपरेखा तैयार कर जिम्मेदारी तय की गई। ताकि, कार्यक्रम बाधित न हो। रूपरेखा क्रे अनुसार ही ग्रामीणों को विभागवार योजनाओं की जानकारी संबंधित अधिकारियों एवं मैदानी अमले द्वारा प्रदान किया गया। संकल्प यात्रा को मनोरंजक बनाने क्रे लिए सरपंच श्रीमती चंद्राकर ने स्कूली बच्चों एवं मितानिन बहनों को पहले ही निर्देशित कर चुके थे। परिणामस्वरूप सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ योजनाओं की जानकारी एवं प्रधानमंत्री का संदेश लोगों तक पहुचाया गया।

सरपंच चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी की गारंटी योजना एवं राज्य सरकार की योजनाओं को आप सभी ग्रामीणों को बताने तथा तुरंत कार्रवाई क्रे लिए ही संकल्प यात्रा जागरुकता रथ क्रे माध्यम से हमारे द्वार पहुंची है, जिसका पूरा-पूरा फायदा हमें जागरूक होकर उठाना है। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार बनने से डबल इंजन की सरकार क्रे साथ साथ अब मेरी गांव को जोड़ दिया जाए तो अब ट्रिपल इंजन की सरकार गांव से होते हुए राज्य तक जाएगी तथा केंद्र की योजनाओं को लेकर वापस गांव तक आएगी। शिविर स्थल में बड़ी संख्या में आजीविका मिशन की महिलाएं, ग्रामीण महिलाएं, विद्यार्थीगण एवं बुजुर्गगण उपस्थित थे। शिविर में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल कनेक्शन के हितग्राही त्रिवेणी तथा सावित्री ने अपने अनुभव साझा किए। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना क्रे तहत ईश्वर यादव, पुन्नी यादव तथा भीष्मती साहू ने मेरी कहानी मेरी जुबानी क्रे तहत अपने विचार रखें। इसी प्रकार प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत भुनेश्वरी कोसले तथा लता चंद्राकर ने अपने विचार रखें।

शिविर स्थल में महिला एवं बाल विकास अंतर्गत मीना साहू, ललिता सेन एवं अन्नपूर्णा यादव का गोद भराई रस्म मीना वर्मा तथा सुधा साहू द्वारा सरपंच क्रे निर्देशन में किया गया। साथ ही गांव के तीन बच्चों का अन्नपाशन भी किया गया। कार्यक्रम को विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल एवं मुन्ना साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुधा साहू, पार्षद मीना वर्मा, मधु यादव एवं पंचगण प्रकाश साहू, त्रिवेणी चंद्राकर, सावित्री चंद्राकर, मीनू चंद्राकर, सरस्वती साहू, हेमा साहू, विद्या जमूलकर, भारती ध्रुव, ईशा धीवर, उर्मिला धीवर, शिवकुमारी तथा अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे। सरपंच श्रीमती चंद्राकर ने कार्यक्रम क्रे सफल क्रियान्वयन का पूरा श्रेय अपने महिला पंचों एवं सक्रिय पंच प्रकाश साहू के साथ सभी ग्रामीणों को दिया। सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने बताया कि उन्होंने कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी विशेष रूप से आमंत्रित थी। किंतु, अन्य कार्यक्रम में व्यस्तता के चलते बेलसोंडा नही पहुंच पाई।

# अयोध्या नगर में श्रीमद भागवत कथा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अयोध्या नगर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में पंडित शैलेंद्र मिश्रा लखनपुर वाले ने बताया कि भगवान की कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है। राजा परीक्षित के कारण भागवत कथा पृथ्वी के लोगों को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। समाज द्वारा बनाए गए नियम गलत हो सकते हैं। किंतु, भगवान के नियम ना तो गलत हो सकते हैं और नहीं बदले जा सकते हैं। कुंती देवी ने सुख के अवसर में भी विपत्ति की याचना करती है। क्योंकि, दुख में ही तो गोविंद का दर्शन होता है। जीवन की अंतिम बेला में दादा भीष्म गोपाल का दर्शन करते हुए अद्भुत देह त्याग का वर्णन किया। श्रीमद् भागवत तो दिव्य कल्पतरु है यह अर्थ, धर्म, काम के साथ साथ भक्ति और मुक्ति प्रदान कर जीव को परम पद प्राप्त कराता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत केवल पुस्तक नहीं साक्षात श्रीकृष्ण स्वरुप है। इसके एक-एक अक्षर में श्रीकृष्ण समाए



हुए हैं। भक्ति एक ऐसा उत्तम निवेश है, जो जीवन में परेशानियों का उत्तम समाधान देती है। साथ ही जीवन के बाद मोक्ष भी सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि कथा सुनना समस्त दान, व्रत, तीर्थ, पुण्यादि कर्मों से बढ़कर है। भागवत के श्रोता के अंदर जिज्ञासा और श्रद्धा होनी चाहिए। परमात्मा दिखाई नहीं देता है वह हर किसी में बसता है। कथा का आयोजन लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, प्रमिला देवी अग्रवाल द्वारा किया जा रहा है। कथा सुनकर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो गए।

# 18 लाख आवास के नाम पर जुमला दे रही भाजपा सरकार

## बचे मात्र 7 लाख आवास के लिए अक्टूबर में ही भूपेश सरकार किश्त डाल चुकी थी, फिर ये 18 कहां से आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश कांग्रेस के नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि जिस तरह से 2 करोड़ रोजगार हर साल, 100 दिन में महंगाई कम करने और हर खाते में 15-15 लाख रुपए आने का वादा जुमला साबित हुआ, उसी तरह से विधानसभा चुनाव के मोदी की गारंटी के नाम पर किए गए दावे भी जुमले साबित होने शुरू हो चुके हैं। 2011 के जनगणना को आधार मानकर छत्तीसगढ़ के लिए कुल 18 लाख आवास का लक्ष्य तय किया गया था। 2015 से 18 तक रमन सरकार के दौरान मात्र 237000 ग्रामीण पीएम आवास तथा 19000 शहरी पीएम आवास बने।

2018 से 2023 तक भूपेश सरकार ने 10 लाख से अधिक पीएम आवास बनाएं। शेष लगभग 7 लाख आवास बनाने के लिए भूपेश बघेल सरकार ने विगत बजट में 3234 करोड़ का प्रावधान किया तथा 7 लाख आवासहीनों के लिए मकान बनाने के लिए पहली किश्त अक्टूबर में ही भूपेश सरकार ने डाल दिया था। मुख्यमंत्री और भाजपा बताए कि 18 लाख आवास किनके लिए बना रहे, उनकी सूची सार्वजनिक किया जाए। यदि सच में 18 लाख मकान मान भी लें तो अनुपूरक बजट में



पीएम आवास के लिए सिर्फ 3799 करोड़ का प्रावधान है। इतनी राशि में 18 लाख आवास कैसे बनेगा इसका जवाब भाजपा दें।

अंकित ने दावा किया कि पहले भारतीय जनता पार्टी के नेता बताए कि 18 लाख पीएम आवास के लिए राज्यांश की राशि कितनी होती है? 2011 के बाद से केंद्र की मोदी सरकार जनगणना के दायित्व से भाग रही है। ताकि, इरादतन षड़यंत्रपूर्वक नए हितग्राहियों को लाभ से वंचित रखा जा सके। अपनी नाकामी पर पर्देदारी करने मोदी सरकार द्वारा जनगणना नहीं कराए जाने से सबसे ज्यादा नुकसान गरीब वर्ग का हुआ है। नए हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें आवास देने के लिए कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ में आवास न्याय योजना शुरू की, जिसकी प्रथम किस्त भी सितंबर- अक्टूबर में भूपेश सरकार में जारी की जा चुकी है, जिसे बंद करने का षड़यंत्र भी भाजपा सरकार रच रही है।

# संघ के प्रांतीय सम्मेलन में बागबाहरा के पेंशनर हुए शामिल, हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ का 22वां प्रांतीय सम्मेलन कांकेर जिला के भानुप्रतापपुर में सांसद मोहन मंडावी के मुख्य आतिथ्य एवं पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांत अध्यक्ष डीपी मनहर की अध्यक्षता तथा कलेक्टर कांकेर प्रियंका शुक्ला एवं कांकेर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के विशेष आतिथ्य में हुआ। सम्मेलन में पूरे छत्तीसगढ़ से लगभग 3000 पेंशनरों ने भाग लिया।

सम्मेलन के प्रथम सत्र में पेंशनरों द्वारा रैली निकालकर अपनी संगठन के एकता का परिचय दिया गया। सम्मेलन में भाग लिए सभी 80 वर्ष से ज्यादा उम्र के पेंशनरों का




सम्मान किया गया, 105 वर्ष पूर्ण किए पेंशनर साथी का सम्मान करते अतिथिगण अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। जिला प्रशासन द्वारा शिविर लगाकर पेंशनरों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सांसद के माध्यम से मुख्यमंत्री को 6 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें प्रमुख रूप से केंद्र के समान 4% महंगाई भत्ता एवं धारा 49 को विलोपित करना, 60 वर्ष से ऊपर के नागरिकों को रेलवे किराए में पूर्व की तरह छूट देना, पेंशनरों को मेडिकल भत्ता आदि शामिल है। प्रांतीय सम्मेलन में बागबाहरा से 20 पेंशनरों में रुपेश तिवारी प्रांतीय महामंत्री, हीराधार सोम, आरएन पांडे, एनआर चंद्राकर, भुलऊराम साहू, भूषण लाल साहू, वरिष्ठ पेंशनर बेपारी, थान सिंह ठाकुर, कश्यप आदि पेंशनरों ने भाग लिया।

# होलीफैथ में वार्षिक क्रीड़ा स्पर्धा का आयोजन

**महासमुंद।** द न्यू होलीफैथ स्कूल में वार्षिक क्रीड़ा प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन, कविता पींचा, सरवरी पींचा प्राचार्य ने किया।

स्काउट-गाइड के छात्र-छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट, परेड, कदम से कदम मिलाकर पानी में मशाल लेकर अतिथियों का स्वागत सम्मान किए। तत्पश्चात खेल समारोह में उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को अतिथियों द्वारा संबोधित किया गया। चेयरमैन महेंद्र जैन ने बच्चों को खेल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जीवन के दो वरदान शांत चित्त वा अच्छा स्वास्थ्य को चरितार्थ किए। खेल के अर्थ, महत्व, लाभ, उद्देश्य पर भी प्रकाश डाले। मुख्य अतिथि कविता पींचा ने खेल और ताकत को एक सिक्के के दो पहलू बताया।

उन्होंने कहा कि क्रीड़ा से व्यक्ति में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, समरसता, सहयोग की भावना, एकाग्रता, समयनिष्ठता, धैर्य, सक्रियता, सकारात्मक ऊर्जा विकसित होती है। संस्था की प्राचार्या सरवरी पींचा



ने बच्चों को खेल के नियमावली बताए एवं उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन क्रीड़ा स्थल में प्रदर्शित करने व संघर्ष कर विजयी होने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय में आउटडोर, इंडोर गेम का आयोजन किया जा रहा है। विद्यार्थीगण उत्साहित होकर प्रतिस्पर्धा में अपना जौहर प्रदर्शित कर रहे हैं। वार्षिक क्रीड़ा समारोह में खेल प्रभारी शिक्षक पूजा कामदार, आरती झा, काजल चंद्राकर, लेखा चंद्राकर, वसुंधरा यादव, सविता चंद्राकर, रुचि साहू, शंपी तिवारी सहयोग दे रहे हैं।

### कारोबारी को मारी गोली, हत्या के इरादे से ओडिशा से आया था आरोपी

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के लभांडी क्षेत्र में बुधवार को दिनदहाड़े एक नल कारोबारी पर एक युवक ने गोली चला दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी ओडिशा के सुदंरनगर क्षेत्र का रहने वाला है और बस के जरिए सुबह ही रायपुर पहुंचा था। यहां पहुंचने के बाद उसने कारोबारी से मोबाइल पर संपर्क कर मिलने के बहाने बुलाया और उस पर फायरिंग कर दी। वारदात के बाद उसे गंभीर हालत में अस्पताल में दाखिल कराया गया है, जहां उसकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# बिजली बिल हाफ योजना की जगह दूसरे विकल्पों पर विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नई सरकार आने के बाद हाफ बिजली बिल योजना की जगह दूसरी राहतों पर विचार शुरू हो गया है। एक तरह से योजना का स्वरूप बदल जाएगा। इसमें बीपीएल और कम बिजली खपत वाले उपभोक्ताओं के लिए अलग-अलग स्लैब बन सकता है। बिजली कंपनी के अधिकारियों ने भी नया मसौदा बनाना शुरू कर दिया है। मामले में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बिजली बिल योजना को लेकर बयान दिया था कि बिजली बिल हॉफ योजना बंद होगी, इसके बाद से प्रतिक्रियाए तेज हो गई थीं।

राज्य सरकार ने कांग्रेस सरकार की योजनाओं की नए सिरे से समीक्षा शुरू कर दी है। इनमें बिजली बिल हॉफ योजना के तहत लोगों को मिलने वाली छूट और उससे बिजली कंपनी को मिलने वाले राजस्व पर क्या असर पड़ता है, इसका अध्ययन अफसर कर रहे हैं। अध्ययन के आधार पर रिपोर्ट तैयार कर सरकार को सौंपेगी, इस पर सरकार फैसला लेगी। बताया जाता है कि बीपीएल और कम खपत करने वाले उपभोक्ताओं के



लिए अलग से स्लैब बनाकर उन्हें बिजली बिल में छूट दी जा सकती है। राज्य सरकार सब्सिडी का बोझ कम करने के उपायों पर विचार कर रही है। ऐसे में ऊर्जा विभाग के अफसरों को अन्य विकल्पों पर विचार करने कहा गया है।

**यह है योजना**

कांग्रेस सरकार आने के बाद घोषणापत्र के वायदे के अनुसार 2019 से बिजली बिल हॉफ योजना में 400 यूनिट तक हर वर्ग के उपभोक्ताओं का बिजली बिल हॉफ किया जाता है।

### 20 हजार करोड़ की लगेगी सब्सिडी

*हर साल जैसे-जैसे उपभोक्ताओं की संख्या में इजाफा होता गया, सब्सिडी भी बढ़ती चली गई। पहले साल 19-20 में 43 लाख उपभोक्ताओं को 3434 करोड़ की सब्सिडी दी गई। 20-21 में उपभोक्ता 38 लाख 59 हजार हुए तो सब्सिडी कम होकर 3085 करोड़ हो गई। वर्ष 21-22 में उपभोक्ताओं की संख्या 44 लाख 80 हजार हो गई, तो सब्सिडी 3963 हजार हो गई। तीन साल में प्रदेश सरकार ने 10 हजार 482 करोड़ की सब्सिडी दी है। वर्ष 22-23 में उपभोक्ताओं की संख्या में और इजाफा होने के कारण सब्सिडी चार हजार करोड़ से ज्यादा की दी गई। चार साल में 14 हजार करोड़ की सब्सिडी दी गई है। इस साल भी करीब चार हजार करोड़ की सब्सिडी लगेगी। अब ज्यादा उपभोक्ता होने के कारण हर साल करीब चार हजार लगेंगे, तो पांच साल में राज्य सरकार के 20 हजार करोड़ के आसपास का खर्च होने की संभावना है।*

**निधन**

### परागा यादव

**महासमुंद।** स्थानीय शंकर नगर निवासी परागा बाई यादव (66) का गुरुवार सुबह निधन हो गया। वे स्व बोहरू राम यादव की धर्म पत्नी थीं।



भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया जहां बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वे मूलचंद यादव व उमेश यादव की माता और निखिलेश यादव (निक्की), टीकम, लक्की, देव की दादी मां थीं।

# साय बोले- भाजयुमो संकल्प ले कि सभी 11 लोकसभा सीटें मोदी को उपहार में देगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा युवा मोर्चा की मंडल सशक्तिकरण कार्यशाला में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाजपा की सरकार बनाने भाजयुमो के सभी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई देते हुए कहा, छत्तीसगढ़ की जनता ने भाजपा पर विश्वास किया है, हर वादे को पूरा करना है। एक छोटा सा कार्यकर्ता आज मुख्यमंत्री बना है। ये सिर्फ भाजपा में ही संभव है। पार्टी सबका काम देखती है। समय के अनुसार उसका ध्यान भी रखती है। हम चुनाव जीते हैं, इसमें मोदी की गारंटी का बहुत बड़ा योगदान है। सबका साथ लेकर सबका विकास हमको करना है। मोदी का भरोसा जनता में बरकरार रखना है। मोदी की गारंटी पांच साल में पूर्ण होगी।



बुधवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयाजित कार्यशाली में श्री साय ने कहा, पहली कैबिनेट में गरीबों को मकान देने का काम हमने किया है। मोदी की गारंटी में 12 लाख किसानों को अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर दो साल का बोनस दिया जाएगा। महतारी वंदन योजना को लेकर महिलाओं ने जो योगदान दिया है, उसके तहत 12000 रुपये प्रति साल देने की योजना जल्द लागू होगी। पीएससी घोटाला में उच्चस्तरीय जांच होगी। उन्होंने भाजयुमो को संकल्प दिलाया कि छत्तीसगढ़ में 11 की 11 लोकसभा सीट लाना है। विकसित भारत के रथ में सहभागी बनकर जनता तक पहुंचना है। 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा है, जिसमें हमारी पूर्ण भूमिका है, जनता तक इसकी जानकारी देना है।

## खबर संक्षेप



### नवनियुक्त भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से मुलाकात

**महासमुंद।** जगदलपुर के नवनिर्वाचित विधायक किरण सिंहदेव को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर पार्षद देवीचंद राठी, सांसद कार्यालय प्रभारी मोहन साहू, सांसद प्रतिनिधि पवन साहू, भाजपा नेता महेंद्र सिका, शुभम पांडे ने राजधानी में मुलाकात कर हर्ष जताया है।

### प्रदेश की अनुपूरक बजट में सबका ख्याल

**महासमुंद।** विधानसभा में अनुपूरक बजट पर सांसद कार्यालय प्रभारी मोहन साहू, महासमुंद लोकसभा और आबकारी विभाग के सांसद प्रतिनिधि पवन साहू ने कहा कि आज जो बजट आया उसमें मोदी की गारंटी, मातृ वंदन योजना के लिए, पीएम आवास और धान खरीदी के लिए प्रावधान किया गया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की महिलाओं, किसानों, नौजवानों, वनवासियों, आदिवासियों, पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जातियों सबको साथ में लेकर चलने की बात कही है।

### अगहन गुरुवार को हुई विशेष पूजा

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम मोहंदा में अगहन गुरुवार को माता लक्ष्मी की विशेष पूजा अर्चना की गई। व्रती महिलाएं अपने-अपने घर आंगन को रंगोली चावल आटे से पद चिन्ह बनाकर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर बिना बाई सोना, अनिता ठाकुर, दुलेश्वरी यादव, महेश्वरी ध्रुव, द्रोपती ठाकुर, गोदावरी यादव, मुक्ता गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# सड़कों पर आवारा कुत्तों के झुंड बच्चों के लिए खतरनाक, रोज अस्पताल पहुंच रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

शहर सहित पूरे अंचल में इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक जोरों से दिखाई दे रहा है। झुंड में घूमने वाले कुत्तों से बच्चों को सबसे अधिक खतरा बना हुआ है। सभी मुख्य मार्गों में इन दिनों कुत्तों की मौजूदगी की वजह से दुपहिया, चार पहिया वाहन चालकों के लिए भी ये खतरा साबित हो रहे हैं। अचानक सड़क पार करते समय कई बार वाहन चालक इनकी चपेट में आ रहे हैं और गिरकर घायल हो रहे हैं। कुत्तों पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन द्वारा किसी तरह का भी इंतजाम नहीं किए जाने के कारण इनकी संख्या बढ़ती जा रही है।

इन दिनों आवारा कुत्तों की संख्या इस तरह बढ़ रही है कि हर गली मोहल्लों से लेकर प्रमुख सड़कों में ये यातायात के लिए बाधक बन रहे हैं। इनकी संख्या इक्के-दुक्के नहीं बल्कि हमेशा झुंड में रहने से पैदल चलने वाले तथा साइकिल सवार लोगों को भी इनसे खतरा बना हुआ है। नगर के मुख्य मार्ग सहित पदमपुर रोड, सारंगढ़ रोड, सरसीवां रोड आदि



कई जगहों पर मोटरसायकल सवार आवारा कुत्तों की वजह से दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। सुबह से लेकर शाम तक इनका मुख्य अड्डा सड़क ही बना हुआ है। झुंड में रहने की वजह से ये और भी खतरनाक साबित हो रहे हैं। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी आवारा कुत्तों की संख्या प्रतिवर्ष बढ़ रही है। जिस तरह से आवारा कुत्ते बढ़ रहे हैं उससे कुत्तों के काटने की घटना भी बढ़ती जा रही है। कुछ स्थानों पर कुत्ते अपने पिल्लों के साथ घूमते रहते हैं और उस समय उनके आस-पास से कोई गुजरने पर अचानक उन पर हमला करने पर उतारू हो जाते हैं। ऐसे में लोगों के समक्ष विकट स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

### रोकथाम के लिए शासन स्तर पर नहीं है कोई इंतजाम

स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुत्ते के काटने से घायल हुए औसतन 1200 से 1500 तक मरीज प्रतिवर्ष पहुंचते हैं। जबकि, जड़ी बूटी से इलाज करवाने वालों की संख्या अलग है। आवारा कुत्तों की संख्या पर लगाम लगाने के लिए स्थानीय स्तर पर शासन की ओर से कोई इंतजाम नहीं है। जिससे इनकी संख्या हर साल जोरों से बढ़ रही है। इसके बावजूद भी इनकी बेतहाशा वृद्धि पर लगाम लगाने हेतु किसी भी प्रकार की कोशिश नहीं हो रही है।

### हर दिन 3-4 मरीज पहुंच रहे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रः बीएमओ

इस संबंध में खंड चिकित्सा अधिकारी एचएल जांगड़े से पूछे जाने पर बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी खुले रहने तक प्रतिदिन 3-4 मरीज पहुंच रहे हैं। पिछले एक माह से कुत्ते के काटने वाले मरीज अधिक पहुंच रहे हैं। अभी मरीजों के लिए पर्याप्त वैक्सीन उपलब्ध है और किसी तरह की परेशानी नहीं हो रही है।

# अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए नरेंद्र

**सरायपाली।** अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश्वर यादव की सहमति एवं महामंत्री सूरज यादव की अनुशंसा पर नरेंद्र कुमार यादव को पुनः प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति प्रदान किया है। प्रमुख महासचिव एसडी यादव ने नियुक्ति पत्र प्रेषित किया है। नरेंद्र कुमार यादव विगत 35 वर्षों से सामाजिक कार्यों में निरंतर आगे बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाते आ रहे हैं।

यादव महासभा ने संगठन में सक्रियता को देखते हुए पुनः अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा का प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति दी है। नरेंद्र कुमार यादव की नियुक्ति पर यादव महासभा का आभार प्रकट करते हुए समाज के वरिष्ठजनों व युवाओं ने खुशी व्यक्त की है। आभार प्रकट करने वाले में सरायपाली से अध्यक्ष युवा पवन यादव, संरक्षक रथराम यादव, हितेश यादव पार्षद, प्रदीप यादव, भजन यादव, सजन यादव, मुकेश यादव, अंतराम यादव, बाला प्रसाद यादव, भीम यादव, बरमलाल यादव, प्रेमलाल यादव, महेंदर यादव, टिंकू यादव, हर्षवर्धन यादव, बबलू यादव, अशोक यादव, रायपुर से अलखराम यादव, माधवलाल यादव, महेश यादव, बसना से संजय यादव, धनंजय यादव, बृजेश यादव सरपंच भठोरी, सारंगढ़ से दरिद्रनारायण यादव, डीएन यादव, रामनारायण यादव, हरनारायण यादव, बिलाईगढ़ से धनेश यादव मीडिया प्रभारी, अभय यादव, संतोष यादव, भैयाराम यादव, सक्ति से दिलचंद यादव, गोविंद यादव, गोकुल यादव, लाला यादव, जाजंग से महारती यादव, शिवलाल यादव, जांजगीर से श्रीराम यादव, संजय यादव, कोरबा से लीला यादव, सुखी यादव, बागबाहरा से विनोद यादव आदि शामिल है।

# तीरंदाजी स्पर्धा चंडीगढ़ में 23 से

## रामचण्डी कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी विवि का करेंगे नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

रामचंडी महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी के पद पर कार्यरत रामप्रसाद यादव को पंजाब विवि चंडीगढ़ में आयोजित होने वाले नार्थ ईस्टजोन इंटर युनिवर्सिटी तीरदांजी प्रतियोगता में पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर की टीम का नेतृत्व करने के लिए कुलसचिव द्वारा मैनेजर के रूप में नियुक्त किया गया है। तीरदांजी प्रतियोगिता चंडीगढ़ में 23 दिसंबर से 26 दिसंबर तक आयोजित है।

ज्ञात हो कि रामप्रसाद यादव के नेतृत्व के फलस्वरूप महाविद्यालय में सेक्टर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा चुका है। यादव को विवि टीम तीरदांजी का मैनेजर बनाए जाने पर महाविद्यालय के संचालक सुभाषचंद्र साहू,



उपसंचालक सतीशचंद्र साहू, प्राचार्य डॉ एनके भोई, प्रदीप बारीक, हेल्प डेक्स प्रभारी आरएस मांझी, सहायक प्राध्यापक डी. नायक, सुरेश कुमार भोई, सपन कुमार दास, शंभुप्रसाद पटनायक, अजय पटेल, डॉ शबनम खातून, प्रवेश प्रधान, अक्षय कुमार कंवर, नीरज साहू, रजनी प्रधान, सुनील पटेल, लवकुमार पटेल, अजय कुमार साहू, सागर वर्मा, नीलिमा प्रधान, जयशंकर भूमिजन, साजन चौधरी, इंद्रजीत यादव, एनएसएस प्रभारी भरत प्रधान, कन्या हास्टल अधीक्षक प्रियंका दीप, छात्रवृत्ति प्रभारी गोवर्धन यादव, विजय प्रधान, संजना प्रधान, सेतकुमार मल्होत्रा, गोपराम पटेल ने हर्ष जताया है।

# कॉलेज में विकसित भारत 2047 युवाओं की आवाज कार्यक्रम के अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

स्व राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संकल्पित विकसित भारत @ 2047 युवाओं की आवाज कार्यक्रम के अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शीर्षक वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की भूमिका रखा गया। महाविद्यालय के विकसित भारत @ 2047 के संयोजक एवं यूथ रेड क्रॉस सोसायटी प्रभारी डॉ राधेश्याम पटेल ने कहा कि स्वर्णिम भारत का



स्वरूप कैसा होना चाहिए। भारत के वर्तमान परिपेक्ष्य में डिजिटलीकरण, औद्योगिकीकरण, विकसित भारत के परिपेक्ष्य भारत के सारगर्भित बातें बताई गई। वाणिज्यिक विभाग के विभाग अध्यक्ष प्राची गुप्ता ने कहा कि टेक्नोलॉजी एवं आधुनिक विज्ञान तकनीकी प्रणाली के आधिकाधिक सदुपयोग से भारत को विकासशील से विकसित देशों की श्रेणी में लाया जा सकता है। ग्रंथालय प्रभारी एवं सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) देवेंद्र कुमार मांझी ने अपनी व्याख्यान में कहा कि भारत वर्तमान में कई समस्याओं से गुजर रही है। जिसमें गरीबी, भ्रष्टाचार, कालाबाजारी एवं जमाखोरी आदि कुरीतियों को दूर कर भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन विकसित भारत @ 2047 के नोडल अधिकारी हेमलता पटेल ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## वार्ड में फैली गंदगी, सफाई पर ध्यान नहीं..



**महासमुंद।** वार्ड नंबर 18 के बाबा रामदेव मंदिर के पीछे धोबी कुआं के पास हर दिन कचरे का ढेर रहता है। नालियों की सफाई होने के बाद नाली की गंदगी को मोहल्ले में ही फेंक दिया जाता है, जो की रोड में फैल जाता है। इससे मोहल्लावासी परेशान है। स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा चुनाव के समय घोषणा पत्र में कहा गया कि मच्छरों एवं अन्य बीमारियों के बचाव के लिए हर सप्ताह मशीनों द्वारा दवाइयों का छिड़काव एवं धुआ मशीन चलाया जाएगा। लेकिन, आज तक कोई पता नहीं है। वार्ड में पसर रही गंदगी से लोग हलाकान है।

## शहर के दुकानों में अधिक दामों में बेच रहे शराब

**महासमुंद।** शहर में शराब को सरकारी रेट पर न बेच कर ओवर रेट बेचने का आरोप भाजपा नेता कमल नारायण साहू ने लगाया है। साहू ने कहा कि यह कार्य शराब दुकान मालिक आबकारी विभाग के अधिकारियों से मिलीभगत कर कर रहे हैं। जिसकी वजह से आए दिन सेल्समैन और ग्राहक के बीच दुकानों में झगड़े हो रहे हैं। गौरतलब है कि अंग्रेजी हो या फिर देशी शराब दुकान सभी दुकानों में प्रिंट रेट से दस से बीस रुपए अधिक दर पर बेची जा रही है, साथ ही शराब की दुकानों पर रेट लिस्ट भी नहीं लगी है। वहीं शराब की मिल रही शिकायत के बावजूद पुलिस-प्रशासन व आबकारी विभाग कोई कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। कमल नारायण का कहना है कि शहर में संचालित अंग्रेजी और देशी शराब दुकानों पर जमकर ओवर रेट में शराब बेची जा रही है। यह सब आबकारी विभाग के अधिकारियों की जानकारी में हो रहा है। इस कारण से वे शराब दुकानदारों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। दुकानों पर काम करने वाले सेल्समैन मिलावटी शराब बेचने में भी काफी माहिर हैं। देशी शराब के क्वार्टर व बोतल में ये लोग आसानी से उसका ढक्कन खोलकर पानी की मिलावट कर बेच रहे हैं। शराब पीने वाले लोग यह सब जानते हैं। लेकिन, झगड़े के डर के कारण यह लोग ज्यादा कुछ बोल नहीं पाते और विरोध किए बिना ही शराब खरीदकर लौट जाते हैं।



# विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए हुई कार्यशाला, बढ़ाया आत्मविश्वास

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विकासखंड स्तरीय समावेशी शिक्षा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए वातावरण निर्माण कार्यशाला का आयोजन स्थानीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय के सभागार में हुआ। कार्यक्रम में विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों से शिक्षक, दिव्यांग बच्चे, दिव्यांग बच्चों के साथी उनके पालक सम्मिलित हुए। वातावरण निर्माण कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों के लिए विद्यालय घर और समाज में सहज और सरल वातावरण बनाना है। उनमें आत्म सम्मान विकसित कर आत्मविश्वास के साथ जीवन जीने के लिए तैयार करना है। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर बीआरपी अनिता निर्मलकर, शिक्षक केआर सोनवानी, लव निर्मलकर ने 21



प्रकार के दिव्यांगता एवं और पहचान की संपूर्ण जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से दी।

कार्यशाला के समापन पर मीता मुखर्जी जिला शिक्षा अधिकारी, कमल नारायण चंद्राकर जिला मिशन समन्वयक, हेमेंद्र आचार्य प्राचार्य स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, अंजलि बरमाल खेल अधिकारी, डीएन जांगड़े, विद्या साहू, सम्पा बोस एपीसी, लीलाधर सिंह विकासखंड शिक्षा अधिकारी जागेश्वर सिन्हा विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जिन्होंने कार्यशाला को संबोधित कर उपस्थित बच्चों और बालकों का आत्मविश्वास बढ़ाया। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक पवन साहू, चंद्रशेखर डोरा, रशीद कुरैशी, आशीष साहू, पीतांबर पाठक, ललित किशोर बया, गणेश टंडन, राजू देवांगन, ईश्वर कमार , मनोज साहू, लक्ष्मीनाथ सकरिया, सुरेश पटेल, नीरज साहू, अशोक शर्मा बीआरसीसी, केशव साहू, भुनेश्वर साहू आदि का सहयोग रहा।

# गांवों में पहुंची संकल्प यात्रा, दी गई योजनाओं की जानकारी

**महासमुंद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम बरबसपुर व बड़गांव पहुंची। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजा अर्चना पश्चात शुरू हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता मोती साहू, अध्यक्षता ग्राम पंचायत बरबसपुर के सरपंच सत्यवती सोनवानी एवं विशिष्ट अतिथि चैनू साहू, मंडल महामंत्री संतोष चंद्राकर, ललित निषाद, रजन निषाद, ग्राम पंचायत के पंचगण उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि साहू ने उपस्थित हितग्राहियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की अवधारणा भारत को 2047 तक पूर्ण रूप से विकसित करना है। आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर नरेंद्र मोदी की गारंटी है कि हमारा देश पूर्ण रूप से विकसित हो जाएगी। इसके लिए भारत सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं जिससे जो लोगों का जीवनस्तर ऊपर उठेगा, देश के



किसान अपने दोगुनी आय के आधार पर आगे बढ़ेंगे। यहां के मजदूरों के लिए अनेक योजना से लाभ, महिला समिति को अनेक आर्थिक उत्थान के लिए व्यवसाय से जोड़ना एवं कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करना, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को पक्का मकान, महतारी योजना अंतर्गत विवाहित महिलाओं को 1000 रुपए प्रति माह, किसानों का धान 21 क्विंटल 3100 रुपए में खरीदी, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, प्रत्येक घर शुद्ध पेयजल, प्रत्येक घर शौचालय निर्माण, बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराना जैसे महत्व कांची योजना से लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है। भूमिहीन को 10000 एवं किसानों को सम्मान निधि स्वास्थ्य सुविधा के लिए आयुष्मान भारत के तहत 10 लाख का अनुदान मोदी सरकार द्वारा दिया जा रहा है। इस अवसर पर जनपद स्तर के सभी विभाग के स्टॉल लगाए गए एवं एलईडी स्क्रीन से मोदी सरकार की योजना की जानकारी दी गई। हितग्राहियों से आप जुबानी के माध्यम से मोदी सरकार को हितग्राहियों ने धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरएन वर्मा, पंचायत सचिव नारायण साहू, महेंद्र सोनवानी, लिखित यादव, धनु कोसले, संजीव चेलक, रोशन मानिकपुरी, नोडल अधिकारी शकुंतला अर्चना श्रीवास्तव, पटवारी हरिश चंद्राकर थे। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार ध्रुव सचिव ने किया।






## सुभाष नगर में मनाई गई जयंती

**महासमुंद।** वार्ड नंबर 22 सुभाष नगर में गुरु घासीदास बाबा पर पूजा अर्चना कर जैतखाम में पालो चढ़ाया गया। जिसमें विश्व हिंदू परिषद एवं सर्व हिंदू समाज महासमुंद के सदस्य उपस्थित थे। अपने उद्बोधन में भारत चंद्राकर ने बाबा गुरु घासीदास के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए सनातन धर्म की बात कही। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास बाबा केवल एक पंथ के नहीं थे, बल्कि वे पूरे हिंदू समाज के गुरु थे। बाबा गुरु घासीदास ने समाजिक बुराइयों से दूर कर समाज और परिवार में खुशहाली लाने का रास्ता हमें दिखाया है। विश्व हिंदू परिषद की सदस्यों ने नयापारा जैतखाम एवं 19 दिसंबर को ग्राम खरोरा में आयोजित घासीदास बाबा जयंती समारोह में पहुंचकर गुरु घासीदास बाबा का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रसाद ग्रहण किए। इस मौके पर विक्रम ठाकुर, विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अखिलेश लूनिया, जिला सह मंत्री धनेंद्र विक्की चंद्राकर, रामेश्वर पांडे, सुरेंद्र महाराज, कान्हा प्रधान, नगर अध्यक्ष विहिप रामेश्वर गोलू साहू, योगेश सोनवानी, नगर मंत्री हिमांशु तिवारी, योगेश सोनवानी, पायल साहू, खुशी आदि मौजूद रहे।

# संकल्प यात्रा में योजनाओं से हितग्राही हो रहे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रदेश भर में





जोर-शोर से चल रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों को सरकार की संचालित योजनाओं से जोड़ना और उसे उस योजना से लाभान्वित करना है, जिसे लेकर जिले में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है।

सांसद कार्यालय प्रभारी मोहन साहू और सांसद प्रतिनिधि पवन साहू ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर लोग काफी उत्साहित है। इसमें लोगों को शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी देने एवं पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ देने के लिए विभिन्न विभागों के स्टाल लगाएं जा रहे हैं, जिसका फायदा उन लोगों को ज्यादा हो रहा है, जो किसी कारणवश योजनाओं के लाभ से वंचित हो गए थे।

इस क्रम में लाभार्थियों को मौके पर ही विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। विशेष सूचना शिक्षा संचार-वैन द्वारा लाभाथियों को मौके पर ही नामांकित किया जा रहा है। साथ ही आयुष्मान कार्ड भी बनाया जा रहा है। वैन के माध्यम से कृषि गतिविधि, ड्रोन डेमोस्ट्रेशन व स्वाईल हेल्थ कार्ड डेमोस्ट्रेशन का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसका फायदा किसानों को हो रहा है।



खबर संक्षेप



## चौथे अगहन गुरुवार को मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अगहन महीने के चौथा गुरुवार को मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना की गई। कौशल्या, भारती, दामिनी, लक्ष्मी, शशि, बबली, शकुन,जय, लता चंद्राकर ने अगहन गुरुवार की कहानी सुनाई। भूषण चंद्राकर ने कहा कि हिंदू धर्म में अगहन महीने चार गुरुवार को मां लक्ष्मी की महत्वपूर्ण से पूजा अर्चना करते हैं। और गुरुवार के दिन काफी महत्व माना जाता है। अगहन महालक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए पूरे विधि-विधान से पूजा की करते हैं।

## बरबसपुर में गुरु घासीदास जयंती व मड़ई मेला आज

**बिरकोनी।** ग्राम बरबसपुर में संत शिरोमणी गुरु घासीदास जयंती व मड़ई मेला का आयोजन 22 दिसंबर शुक्रवार को होगा। जिसमें सुबह 8 बजे सामाजिक जनप्रतिनिधियों द्वारा पालो चढ़ाकर शुभारंभ किया जाएगा। मड़ई मेला का आयोजन दोपहर 3 बजे होगा। शाम 4 बजे ध्वजारोहण, पंथी दलों द्वारा नृत्य प्रस्तुत दी जाएगी। रात्रि 10 बजे वीरेंद्र चतुर्वेदी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर समस्त सतनामी समाज उपस्थित रहेंगे। उक्तशय की जानकारी रितेश सोनवानी ने दी।

### आयोजन : ग्रामीणों को दी गई योजनाओं की जानकारी

# पांच दिनों में 15 ग्राम पंचायतों में पहुंची भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विकसित भारत संकल्प यात्रा 16 दिसंबर से शुरु होकर 20 दिसंबर तक 15 ग्राम पंचायतों में पहुंच चुकी है। इन ग्राम पंचायतों में जागरुकता वैन एवं शिविर के माध्यम से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रभावी जानकारी दी गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों से मौके पर ही आवेदन लेकर योजना का लाभ दिया गया। जानकारी के अनुसार इन शिविरों में 13634 ग्रामीणों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

संकल्प यात्रा का महासमुंद विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम खरोरा से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविरों में स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हो रहे हैं। इन शिविरों में 3096 लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर लाभ लिया। इसी तरह टीबी के 3009 मरीजों की जांच, सिकल सेल के 2071 मरीजों का स्वास्थ्य जांच कर चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। वहीं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत 77 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। शिविर में शामिल हुए लोगों ने विकसित भारत का संकल्प भी लिया। शिविर में 74 हितग्राहियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत अलग-अलग योजनाओं से लाभान्वित हुए योजनाओं के संबंध में अपने विचार रखे। लाभार्थियों ने उज्ज्वला गैस योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर नल योजना, आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड आदि योजनाओं के संबंध में मिले लाभ को सबके समक्ष साझा किया। उल्लेखनीय है कि जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा 26 जनवरी 2024 तक चलेगी।



**शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण सहित आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना का लाभ मिला, 74 हितग्राहियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत अपने विचार साझा किए**

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का सिलसिला जारी

**महासमुंद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का सिलसिला जारी है। जिसके तहत 22 दिसंबर को जनपद महासमुंद के ग्राम पंचायत गोपालपुर और खैरझिटी में सुबह 10 बजे से एवं कांपा और कुकराडीह में दोपहर 2 बजे से शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह जनपद बागबाहरा के ग्राम पंचायत घुंचापाली में प्रातः 10 बजे से एवं ग्राम पंचायत बकमा में 2 बजे से, जनपद पिथौरा के ग्राम पंचायत बल्दीडीह और मेमरा में प्रातः 10 बजे से, ग्राम पंचायत भोकलुडीह और लक्ष्मीपुर में दोपहर 2 बजे से, जनपद बसना के ग्राम पंचायत कुरचुंडी में 10 बजे से एवं गणेशपुर में 2 बजे से तथा जनपद सरायपाली के ग्राम पंचायत बिजातीपाली में 10 बजे से एवं ग्राम पंचायत जलपुर में दोपहर 2 बजे से शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा योजनाओं के स्टॉल लगाए जाएंगे और संबंधित योजना का लाभ दिलाने आमजन से आवेदन लिए जाएंगे तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा रथों में लगी एलईडी के माध्यम से योजनाओं के बारे में जानकारी देकर सरकार की योजनाओं का लाभ लेने हेतु लोगों को प्रेरित किया जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर प्रभात मलिक ने भारत सरकार एवं राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित हितग्राहियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने के लिए जनपद वार रूट प्लान, सेक्टर अधिकारी, क्लस्टर मुख्यालय सहित ग्राम पंचायतवार नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ गांव-गांव में पहुंचकर केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तार से अवगत करायेंगे। उल्लेखनीय है कि संकल्प यात्रा 16 दिसंबर से प्रारंभ होकर 26 जनवरी 2024 तक चलेगी। यात्रा के तहत महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत 105 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी तरह बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत 116, पिथौरा में 126, बसना में 102 एवं विकासखंड सरायपाली अंतर्गत 107 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंचेगी।

धान खरीदी..



**नर्रा।** इन दिनों उपार्जन केंद्र नर्रा एवं परसुली में समर्थन मूल्य पर धान का खरीदी तेजी से चल रही है। किसान धान कटाई मिंचाई के बाद अब धान लेकर विक्रय करने पहुंच रहे है। इधर, दोनों केंद्र में धान का उठाव भी शुरू हो गया है ।

## भिंभौरी में लगा एनएसएस शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ अरंड (पिथौरा)

ग्राम भिंभौरी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बार नवापारा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 23 दिसंबर से 29 दिसंबर तक किया जा रहा है। यह शिविर नशामुक्ति समाज के लिए युवा विषय पर केंद्रित होगा। इसमें हिस्सा लेने वाले शिविरार्थी नियत समय अनुसार सुबह 8 बजे से 11 बजे तक परियोजना कार्य, दोपहर 2.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक बौद्धिक परिचर्चा के अलावा रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश कुमार वर्मा ने बताया कि इस आयोजन के लिए संस्था प्रमुख बार नवापारा हायर सेकंडरी स्कूल प्राचार्य गुलाब राम चौधरी, शिक्षकगण, शाला विकास समिति, सलाहकार समिति एवं ग्राम पंचायत भिंभौरी सरपंच पुष्पा ठाकुर व सचिव श्यामानंद साहू का सहयोग दे रहे हैं।

## साईं वाटिका में गुरु घासीदास जयंती कल

**महासमुंद।** संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की जयंती कार्यक्रम 23 दिसंबर दिन शनिवार को साई वाटिका मचेवा महासमुंद में आयोजित है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक, यतेंद्र साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत, दिग्विजय साहू सभापति जनपद पंचायत, अश्विनी सचिन गायकवाड़ सभापति जनपद पंचायत, रंजीता घनश्याम जांगड़े सदस्य जनपद पंचायत, सत्यभान जेंड्रे सदस्य जनपद पंचायत, कौशिल्या तोष कुमार सोनवानी सदस्य जनपद पंचायत महासमुंद होंगे। संध्याकालीन कार्यक्रम शोभा यात्रा के साथ पंथी एवं सतनाम भजन होगा।

## कचरा कलेक्शन का यूजर चार्ज नहीं दिया तो होगी कार्रवाई : पालिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर में मिशन क्लीन सिटी के तहत होने वाले कचरा कलेक्शन के लिए निर्धारित यूजर चार्ज को लेकर अब पालिका ने सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। गुरुवार को सीएमओ ने कर्मियों की बैठक ली और यूजर चार्ज की वसूली को लेकर नाराजगी जाहिर की। पालिका ने यूजर चार्ज नहीं देने वालों के खिलाफ सर्टिफिकेट केस कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। बैठक में कहा गया कि जो लोग अभी कचरा कलेक्शन शुल्क नहीं दे रहे हैं, उन्हें एक साथ ही पूरा यूजर चार्ज देना होगा और नहीं देने वालों के खिलाफ सर्टिफिकेट केस किया जाएगा। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के एवज में यूजर चार्ज की वसूली की जा रही है। यूजर चार्ज का भुगतान नहीं करने वाले लोगों पर अब पालिका सर्टिफिकेट केस करने की तैयारी की है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने बताया कि यूजर चार्ज का प्रावधान नगर पालिका एक्ट में किया गया है। सभी को यूजर चार्ज देना अनिवार्य है। जो लोग अभी शुल्क नहीं दे रहे हैं, उन्हें एक साथ ही पूरा यूजर चार्ज देना होगा। यूजर चार्ज नहीं देने वालों के खिलाफ सर्टिफिकेट केस किया जाएगा। लंबे समय से यूजर चार्ज का भुगतान नहीं करने वाले लोगों की सूची तैयार की जा रही है। सभी को पहले नोटिस भेजा जाएगा। भुगतान नहीं होने पर केस किया जाएगा।



## जिला सलाहकार समिति की बैठक 29 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गर्भधारण पूर्व और प्रसूति पूर्व निदान तकनीक (पीसी-पीएनडीटी एक्ट) लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम 1994 की धारा (17) अंतर्गत गठित जिला सलाहकार समिति की बैठक 29 दिसंबर 2023 को दोपहर 12 बजे कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, महासमुंद में आयोजित की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पी कुदेशिया ने समिति के सदस्यों को निर्धारित समय पर उपस्थित होने आग्रह किया है।

## मरार समाज के जिला सामाजिक भवन के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मरार समाज जिला समजिक भवन के लिए भूमिपूजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, अति विशिष्ट अतिथि में राशि त्रिभुवन महिलांग अध्यक्ष नगर पालिका महासमुंद एवं अध्यक्षता पवन पटेल जिला अध्यक्ष मरार पटेल समाज जिला महासमुंद, विशिष्ट अतिथि में प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल, तेजराम पटेल कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रहे। कार्यक्रम में विधायक सिन्हा एवं राशि त्रिभुवन महिलांग का मरार पटेल समाज की ओर से शाल फल पुष्प एवं मोमेंटो भेंटकर सम्मान किया गया। विधायक सिन्हा ने कहा कि विधायक बनने में पवन पटेल एवं मरार पटेल समाज का विशेष सहयोग रहा। मैं समाज के साथ सदैव खड़ा रहूंगा। राशि त्रिभुवन महिलांग ने भी मरार पटेल समाज को सदैव सहयोग करने की बात कही। जिला महासमुंद के सामाजिक भवन के लिए समस्त जिला पदाधिकारी के साथ ही जिलाध्यक्ष पवन पटेल के कुशल नेतृत्व एवं कड़ी मेहनत से जिला समाज को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। जिला सामाजिक भवन के भूमिपूजन से महासमुंद जिले के समस्त मरार पटेल समाज अत्यधिक उत्साहित है। कार्यक्रम में खेलू राम पटेल, ललित पटेल, शिवनारायण पटेल, अनंत कुमार पटेल, रमेश पटेल, प्रहल्लाद पटेल, तुकाराम पटेल कौडिया, तुकाराम पटेल नांदगांव, दिनेश पटेल, मालिक राम पटेल मौजूद रहे।



## किसान हित में प्रदेश की भाजपा सरकार का निर्णय स्वागतेय : रमेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भाजपा नेता व पूर्व व्यापारी प्रतिनिधि रमेश साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने चुनावी घोषणापत्र में किसानों से किए एक और वादे पर मुहर लगा दी है। सरकार अब 21 क्विंटल प्रति एकड़ की 3100 रुपए की दर से धान खरीदी करेगी। इसे लेकर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने बुधवार रात आदेश जारी कर दिया है। धान खरीदी का आदेश 1 नवंबर 2023 से ही मान्य हो गया है, जो किसान पुराने नियम के हिसाब से धान बेच चुके हैं, वे भी अब निर्धारित पात्रता में बेच सकेंगे।

भाजपा ने घोषणा पत्र में 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान 3100 रुपए में खरीदी का वादा किया था। इससे पूर्व छत्तीसगढ़ में नवनिर्वाचित भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में केबिनेट की प्रथम बैठक में ही 18 लाख आवासों को स्वीकृति देते हुए अब बजट में 3799 करोड़ तथा किसान भाइयों को 2 साल का बोनस देने 3800 करोड़ रुपए स्वीकृति दी है।



साहू ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर काम करते हुए 'सबका साथ, सबका विकास' के ध्येय लक्ष्य पर कार्य शुरू कर दिया है। साथ ही महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष माताओं-बहनों को 12 हजार रुपए प्रदान करने 1200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के लिए 40 करोड़ का प्रावधान में बजट में किया गया है। साथ ही किसान भाइयों को राहत प्रदान करते हुए 5 हार्स पावर तक कृषि पंपों को निःशुल्क बिजली प्रदान करने 1123 करोड़ रूपए, युवाओं को बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने 250 करोड़ रूपए का प्रावधान बजट में किया गया है। साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सभी वर्ग के हित को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कार्य किया जा रहा है। आगामी समय में छग का चहुंओर विकास होगा।

## संकल्प यात्रा को लेकर सीएमओ ने ली विभाग प्रमुखों की बैठक

### बैठक में 25 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाने तैयारी के दिए निर्देश

**महासमुंद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में गुरुवार को विशेष सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से निकायों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिसके परिपालन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने नगर पालिका के विभाग प्रमुखों की बैठक आयोजित कर शासन के निर्देशों से अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित किए जा रहे शिविरों में केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के साथ-साथ अन्य संबंधित विभागीय योजनाओं के माध्यम से आमजन को जोड़कर अधिक से अधिक लाभान्वित किया जाना है। बैठक में उन्होंने 25 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाए जाने का भी जिक्र करते हुए कहा कि इस दिन प्रातः 6 बजे विशेष सफाई अभियान प्रारंभ होगा, जो एक सप्ताह तक चलेगा। इसमें नगर के नागरिक, समाजसेवी संस्थाओं आदि को जोड़कर श्रमदान के माध्यम से तालाबों, सार्वजनिक स्थानों की साफ सफाई की जाएगी। 25 दिसंबर शाम नगर पालिका के मांगलिक भवन में अटल संध्या गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें स्थानीय कवियों द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी का कविता पाठ, अटल विचार संगोष्ठी होगी।

### ओपीएस या एनपीएस विकल्प प्रकरणों को परीक्षण के बाद कार्मिक संपदा पोर्टल में अपलोड करने 29 तक का समय

**महासमुंद।** संचालक पेंशन एवं भविष्य निधि रायपुर द्वारा ओपीएस/एनपीएस चयन के लिए समय सीमा में विकल्प प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। ऐसे प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला कोषालय महासमुंद को अधिकृत किया गया है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी जिला कोषालय संजय चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया है कि 1 नवंबर 2004 से 31 अक्टूबर 2022 तक नियुक्त शासकीय सेवक जो विकल्प प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 08 मई 2023 तक सेवानिवृत्त/मृत हो चुके है तथा जिनके द्वारा विकल्प प्रस्तुत नहीं किया गया है। ऐसे प्रकरणों में संबंधित शासकीय सेवक या मृत शासकीय सेवक के नॉमिनी द्वारा पुरानी पेंशन योजना में आने का विकल्प प्रस्तुत करने की अनुमति प्रदान किए जाने के फलस्वरूप परीक्षण उपरांत विकल्प स्वीकार कर अपलोड करने के लिए जिला कोषालय कार्यालय को ऑथराइज्ड करने हेतु अधिकृत किया गया है।

## छात्राओं ने सीखे मिलेट्स के व्यंजन बनाना

**महासमुंद।** शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत गृहविज्ञान संकाय संचालित है, जिसमें छात्राओं को विभिन्न प्रकार के जीवनोपयोगी शिक्षा दी जाती है। इसी क्रम में पाक-कला के अंतर्गत गृहविज्ञान की व्याख्याता तपस्या शर्मा तथा आयशा लतीफ के निर्देशन में छात्राओं ने मिलेट्स के विभिन्न व्यंजन बनाना सीखा। छात्राओं ने ज्वार, बाजरा और मक्के की रोटी, राई के लड्डु, कोदो का वेज पुलाव के अलावा मीठा दलिया और विभिन्न प्रकार की चटनी बनाना सीखा। इस अवसर पर प्राचार्य जी आर सिन्हा, व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी, संजय मांझी, ज्योति किरण चंद्राकर, खेमराज कंवर, मधुमति चंद्राकर, दुर्गेश नंदिनी यदु, नोबल ध्रुव आदि उपस्थित थे।







